# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

## कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक– शिविरा/मा/संस्था/सी–6/राज.विज्ञान/स्थानान्तरण/2021 दिनांक–25.09.2021 के द्वारा सुखाराम पलावा व्याख्याता, राजनीति विज्ञान राउमावि भंवाल, नागौर का स्थानांतरण आचार्य श्री जयमल जैन राउमावि लाम्बिया, पाली किया गया। सुखाराम पलावा ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 4916/2021 सुखाराम पलावा बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

माननीय अधिकरण ने अपने निर्णय दिनांक 27.10.2021 में अपीलार्थी के पदस्थापन के संबध में विभागीय आदेश के क्रियान्वयन (Operation) पर स्थगन प्रदान कर वहीं कार्यरत रखे जाने हेतु आदेशित किया है जहां पर वह चुनौती आदेश पारित किये जाने से पूर्व कार्यरत था तथा प्रत्यर्थी विभाग को नये सिरे से नियमानुसार स्थानांतरण आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्रता प्रदान की है तथा ऐसे स्थानांतरण पर उक्त आदेश बाधक नहीं होने का आदेश प्रसारित किया है।

अतः माननीय अधिकरण के निर्णय की पालना में प्रशासनिक अत्यावश्यकता, जनहित एवं राउमावि भंवाल, नागौर में व्याख्याता राजनीति विज्ञान पर दोहरे पदस्थापन के निवारणार्थ सुखाराम पलावा को नवीन आदेश प्रसारित करते हुए करते हुए राउमावि भंवाल, नागौर में व्याख्याता राजनीति विज्ञान के पद पर पदस्थापित किया जाता है एवं इनके स्थान पर पदस्थापित गंगा राम का पदस्थापन आचार्य श्री जयमल जैन राउमावि लाम्बिया, पाली किया जाता है। उक्त पदस्थापन माननीय अधिकरण के आगामी, अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। सभी संबंधित पक्षकार सूचित होंवें। अपीलार्थी को उक्त पदस्थापन पर नियमानुसार यात्राभत्ता एवं योगकाल देय होगा।

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–6/अभ्यावेदन/ अ. 4916/2021 दिनांकः–31/12/2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1.संयुक्त दिधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग ..................।
2.संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा..........................।
3.मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा ...................।
4.जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर..................................।
5.विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6.सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
7.संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक राउमावि/राबाउमावि ..........................................।
8.गार्ड पंजिका।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते